भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2396
सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सीबीएसपी योजना

†2396. श्री जयन्त बसुमतारीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत योजना की शुरूआत से अब तक प्रशिक्षित व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत विशेषकर ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षित व्यक्तियों की रोजगार दर या उद्यमशीलता परिणाम क्या हैं;

(ग) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के युवा लाभार्थियों, विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या जनजातीय क्षेत्रों को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक समुचित सुविधा मिल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण" (सीबीएसपी) योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय देश के शहरी, ग्रामीण और जनजातीय इलाकों सहित पूरे देश में पर्यटन से जुड़े हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है। इन प्रशिक्षणों के परिणामों में संस्थानों द्वारा प्लेसमेंट, स्वरोजगार और प्रशिक्षुओं द्वारा पर्यटन और सत्कार क्षेत्र में डिप्लोमा और डिग्री कोर्स जैसे उच्च अध्ययन के विकल्प का चयन किया जाना शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुरू से, यानी 2009-10 से 31 अक्टूबर, 2025 तक कुल 6.43 लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और 84000 से ज़्यादा लोगों को नौकरी मिली है।

सभी सरकारी और पैनल में शामिल संस्थान प्रशिक्षण शुरू करने से पहले अलग-अलग तरीकों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का विज्ञापन देते हैं। यह जनजातीय इलाकों के महिलाओं और युवाओं सहित अलग-अलग तरह के उम्मीदवारों तक पहुंचने का एक असरदार तरीका है।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित अलग-अलग राज्यों में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की जानकारी **अनुबंध** में दी गई है।

****

अनुबंध

श्री जयन्त बसुमतारी द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सीबीएसपी योजना के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2396 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 अक्टूबर, 2025 तक) तक सीबीएसपी स्कीम के तहत प्रशिक्षित/प्रमाण पत्र प्राप्त लोगों की राज्य-वार संख्या

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**कुल**
1	आंध्र प्रदेश	0	63	0	0	174	0	237
2	अरुणाचल प्रदेश	363	0	152	120	0	0	635
3	असम	109	185	375	493	1155	0	2317
4	बिहार	343	210	134	123	1179	0	1989
5	चंडीगढ़	25	0	468	112	0	0	605
6	छत्तीसगढ़	49	79	67	30	265	0	490
7	दिल्ली	85	210	79	373	1622	300	2669
8	गोवा	0	0	0	30	0	0	30
9	गुजरात	25	660	264	0	142	0	1091
10	हरियाणा	266	473	900	636	2591	0	4866
11	हिमाचल प्रदेश	383	754	488	315	5409	0	7349
12	जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र	1108	1054	1309	1096	11753	0	16320
13	झारखंड	143	224	86	240	1600	60	2353
14	कर्नाटक	279	350	203	343	1908	0	3083
15	केरल	753	1500	58	153	240	0	2704
16	मध्य प्रदेश	1929	5289	4727	6838	9429	0	28212
17	महाराष्ट्र	153	110	647	420	6487	0	7817
18	मेघालय	313	212	202	171	207	0	1105
19	मणिपुर	0	0	0	0	743	0	743
20	मिजोरम	660	0	834	0	47	0	1541
21	ओडिशा	881	656	441	270	1130	0	3378
22	पुदुचेरी	0	0	67	60	0	0	127
23	पंजाब	675	1013	1012	1337	4276	0	8313
24	राजस्थान	226	144	593	1453	5517	0	7933

25	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0
26	तमिलनाडु	2267	2538	3137	3644	2324	60	13970
27	तेलंगाना	210	417	546	725	3525	0	5423
28	उत्तर प्रदेश	320	4729	3418	3368	16914	120	28869
29	उत्तराखंड	399	871	1116	1361	3929	0	7676
30	पश्चिम बंगाल	0	142	251	226	6804	30	7453
31	लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र	121	151	0	0	0	0	272
32	नागालैंड	0	0	67	216	431	0	714
	कुल	**12085**	**22034**	**21641**	**24153**	**89801**	**570**	**170284**

स्रोत: पर्यटन मंत्रालय

****